कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

एक कदम स्वच्छता की ओर

दूरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट- www.udaipurmc.org

क्रमांकः– राजस्व/24–25/93 दिनांकः– 26/9/2024

विज्ञप्ति

श्रीमान् अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर) उदयपुर के पत्र क्रमांक न्याय/अ.फा. अनुज्ञा–पत्र/2023/6540 दिनांक 23.09.2024 की पालना में नगर निगम उदयपुर सीमान्तर्गत दीपावली पर्व 2024 पर अस्थायी आतिशबाजी स्टॉल हेतु आवेदन पत्र कार्यालय नगर निगम उदयपुर द्वारा दिये जायेंगे तत्पश्चात् अनुज्ञा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर) कार्यालय द्वारा दी जायेगी। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित आवेदन पत्र 1000/– शुल्क नगद जमा कर दिनांक 07.10.2024 से 09.10.2024 को कार्यालय समय तक प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 09.10.2024 सांय 05:00 बजे तक कार्यालय समय में आवेदन फार्म के साथ पहचान पत्र अनुज्ञा शुल्क राशि 5459/– रुपये का डी.डी. आयुक्त नगर निगम उदयपुर के नाम संलग्न कर जमा करवाना अनिवार्य होगा तथा लॉटरी पश्चात् सफल आवेदकों को पुलिस द्वारा जारी चरित्र सत्यापन रिपोर्ट श्रीमान् अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर), उदयपुर में जमा करवानी होगी। पूर्व की भांति लवकुश इण्डोर स्टेडियम के पास लगभग 42 अस्थायी स्टॉल हेतु आवंटन प्रस्तावित है। निगम/प्रशासन द्वारा स्टॉलों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है। आवेदन पत्रों की लॉटरी दिनांक 14.10.2024 को दोपहर 1.00 बजे नगर निगम कार्यालय में रखी जायेगी। सफल आवेदक को स्टॉल स्वयं बनानी होगी, विद्युत व्यवस्था एवं अग्निशमन सुरक्षा संबंधित दायित्व स्टॉलधारी का रहेगा, सफल आवेदक को अस्थायी स्टॉल हेतु अनुज्ञा पत्र कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट से प्राप्त करनी होगी तथा गृह (ग्रुप–9) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा दिनांक 15.10.2021 की जारी संशोधित परामर्शदात्री की पालना करना अनिवार्य होगा।

आयुक्त
नगर निगम उदयपुर

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् प्रबन्धक, राजस्थान संवाद को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति न्यूनतम स्पेस में प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में DPR दर पर प्रस्तुत करें।
2. विद्युत शाखा प्रभारी को भेजकर लेख है कि नगर निगम की वेबसाइट पर उक्त विज्ञप्ति अपलोड करावें।
3. निगम सूचना पट्ट पर प्रकाशनार्थ।

आयुक्त
नगर निगम उदयपुर

Signature valid

Digitally signed by Ram Prakash
Designation: Commissioner
Date: 2024.09.25 22:15:34 IST
Reason: Approved

Raj Ref No.: 10706380